हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

आपदा संबंधी सूचनाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1070



राज्य में आपदा संबंधी सूचनाओं और त्वरित सहायता के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे संचालित है। इसका टोल फ्री नंबर 1070 है। संभावित खतरे के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए दामिनी एवं मेघदूत मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम संबंधी चेतावनियां प्रसारित की जा रही हैं। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने नागरिकों से मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने, अनावश्यक जोखिम से बचने तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन के समन्वित प्रयासों तथा नागरिकों की सतर्कता से संभावित आपदा के प्रभाव को कम करने और जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखने और संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि संभावित आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए समय पर सूचना और पूर्व तैयारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को तेज हवाओं और तूफान से गिरने की आशंका वाले जर्जर एवं असुरक्षित मकानों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

प्रयास विद्यालय में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए चतुर्थ चयन सूची जारी

बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग के प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रमानुसार चयन सूची जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर तक प्रवेश लेना अनिवार्य है। जारी चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर देख सकते है।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में मयंक का चयन

सिमगा। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा के अंतर्गत वॉलीबॉल विधा में मयंक सिन्हा का चयन होने से खेल प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। उक्त प्रतियोगिता 26 से 29 अक्टूबर तक राजनादगांव में आयोजित है जिसमें मयंक सिन्हा पिता संतोष सिन्हा रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस



बारे में एकलव्य स्पोर्ट्स क्लब कुथरौद के वॉलीबॉल कोच वीरेंद्र पटेल ने बताया कि राज्य स्तर पर मयंक का यह दूसरी बार चयन है। इस उपलब्धि के लिए बलौदा बाजार जिला ओलंपिक संघ के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में अन्य सभी खेलों के साथ-साथ वॉलीबॉल का नया वातावरण तैयार हो रहा है। इस उपलब्धि के लिए जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, जनपद सदस्य उमा अनंत, कुथरौद सरपंच तारण दास अनंत, चंद्रशेखर पटेल, भीम लाल यादव, गुहाराम गायकवाड, मनोज भारद्वाज, आजूराम सिन्हा, खेलन पटेल एवं समस्त ग्राम वासियों ने शुभकामनाएं दी है।

कार की टक्कर से सायकल सवार घायल

महासमुंद। एनएच 53 में ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास कार की टक्कर से सायकल सवार व्यक्ति घायल हो गया। 27 अक्टूबर कोग्राम पौंसरा का मकरध्वज प्रधान सुबह अपने सायकल से अपने खेत जा रहा था। करीबन 08.25 बजे एनएच53 रोड ग्राम पौंसरा क्रासिंग के पास रोड क्रास करने के दौरान सरायपाली की ओर से आ रही ईनोवा कार क्रमांक सीजी 13 सी 7877 के चालक थोमस मिरी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर मकरध्वज प्रधान को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दोनों पैर, शरीर के दूसरे जगहों पर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीलक एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' को लेकर जनसुरक्षा की व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान अर्नब के संभावित प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने जनसुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 एवं 28 अक्टूबर को प्रदेश के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद और रायपुर जिले में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने संबंधित जिलों में सतर्कता बढ़ाने और आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संभावित चक्रवाती तूफान और भारी बारिश से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन को पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य करना होगा। किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।।

जनसुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियां तेज



12 जिलों के 763 अति संवेदनशील गांव चिन्हित

आपदा प्रबंधन की तैयारी विशेष प्राथमिकता में राज्य शासन द्वारा संभावित आपदा से प्रभावित होने वाले संवेदनशील गांवों का चिन्हांकन भी किया गया है। सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद और रायपुर सहित 12 अति संवेदनशील जिलों में 763 गांव चिन्हित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शेष 21 जिलों में 1006 संवेदनशील गांवों की पहचान की गई है। इस प्रकार प्रदेश में कुल 1769 गांवों को चिन्हित कर आपदा प्रबंधन की तैयारियों में विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।साथ ही जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी करने और पानी छोड़े जाने की स्थिति में संबंधित क्षेत्रों को 48 घंटे पहले सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं

बिजली तिराहा से पटपर नाका तक 1.60 किमी डिवाइडर का होगा कायाकल्प

बिजली व्यवस्था होगी मजबूत, 4 कार्यों के लिए 4.91 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा की सतत अनुशंसा और अथक प्रयासों से भाटापारा अंचल को विकास की बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। प्रदेश भाजपा सरकार के दो महत्वपूर्ण विभागों, ऊर्जा विभाग और लोक निर्माण विभाग ने एक ही दिन 26 अक्टूबर को कुल 5 कार्यों के लिए 5 करोड़ 38 लाख 70 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस स्वीकृति के बाद भाटापारा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ होगी और शहर के मुख्य मार्ग का सौंदर्यीकरण भी होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार सब ट्रांसमिशन एवं सिस्टम इम्प्रूवमेंट योजना 2026 के तहत बलौदाबाजार सर्कल के लिए 11.82 करोड़ की योजना में से 4 कार्य भाटापारा और सिमगा क्षेत्र के लिए स्वीकृत किए हैं। इन 4 कार्यों की कुल लागत 4 करोड़ 91 लाख 1 हजार रुपये है।





सुंदरता और यातायात सुरक्षा में होगा सुधार

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश में भाटापारा शहर के बिजली तिराहा चौक से पटपर नाका मार्ग (अन्य जिला मार्ग क्रमांक 06) के किलोमीटर 1/2 से 2/6 तक कुल 1.60 किलोमीटर के डिवाइडर में विशेष मरम्मत, पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 47 लाख 69 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह राशि वर्ष 2026-27 के विशेष मरम्मत मद से स्वीकृत की गई है। विभाग ने कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार-भाटापारा को निर्देश दिए हैं कि सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर समस्त विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इस कार्य से शहर के मुख्य मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी और यातायात भी अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा।

आने वाले 10 वर्षों की जरूरतें होंगी पूरी: शिवरतन शर्मा

इस उपलब्धि पर भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा में बढ़ती आबादी, व्यापार और कृषि के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। नया सब स्टेशन और क्षमता विस्तार से आने वाले 10 साल तक की जरूरत पूरी होगी। वहीं बिजली तिराहा से पटपर नाका मार्ग शहर का मुख्य प्रवेश मार्ग है, इसके डिवाइडर के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और यातायात भी सुरक्षित होगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है। भाटापारा विधानसभा के लिए पूर्व में भी बड़े कार्य स्वीकृत हुए हैं और आने वाले समय में और भी बड़े कार्य स्वीकृत होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

साथ 0.50 किलोमीटर 33 केवी लाइन और 2.50 किलोमीटर 11 केवी लाइन का निर्माण पीसीसी पोल पर डॉग कंडक्टर के साथ किया जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने से मंडी क्षेत्र सहित आसपास के वार्डों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कृषि उपभोक्ताओं में लो वोल्टेज और बार बार ट्रिपिंग की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

दूसरा कार्य सिमगा आईपीडीएस सब स्टेशन का क्षमता विस्तार है। इसकी लागत 72 लाख 35 हजार रुपये है। यहां ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5.00 एमवीए की जाएगी।

इससे सिमगा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भरपूर वोल्टेज मिलेगा। तीसरा कार्य भाटापारा के चंदीयापथरा सब स्टेशन का क्षमता विस्तार है। इसकी लागत भी 72 लाख 35 हजार रुपये है। यहां भी क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5.00 एमवीए की जाएगी। इससे भाटापारा के किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की बिजली मिलेगी और मोटर पंप आसानी से चल सकेंगे। चौथा कार्य सोनाडीह सब स्टेशन से बिटकुली सब स्टेशन तक 15 किलोमीटर लंबी 33 केवी इंटरलिंकिंग लाइन का निर्माण है। इसकी लागत 1 करोड़ 48 लाख 11 हजार रुपये है। इस लाइन के बनने से दोनों सब स्टेशनों के बीच संपर्क मजबूत होगा और किसी एक लाइन में फॉल्ट आने पर दूसरे से आपूर्ति जारी रखी जा सकेगी। इससे पूरे सर्कल में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

चलती ट्रक में लगी आग, चालक परिचालक ने कूदकर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- सिमगा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूसरे दिन हादसा

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार दूसरे दिन एक और सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। मंगलवार तड़के लगभग 4 बजे दामाखेड़ा ओवरब्रिज के ऊपर चलती हुई एक ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। ट्रक से धुआं और लपटें उठती देख चालक व परिचालक ने फौरन समझदारी दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही सिमगा पुलिस टीम और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल करा दी है। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले सोमवार सुबह लगभग 5:30 बजे ग्राम दरचुरा के पास रॉयल ट्रेवल्स की एक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई थी। उस दर्दनाक हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर सहित 5 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 10 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

महज दो किलोमीटर के दायरे में लगातार दूसरे दिन हुए इस हादसे ने हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के बीच लगातार हो रही इन घटनाओं से भय का माहौल है और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग उठ रही है।

22.05 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

संजय वार्ड क्रमांक 13 में 22 लाख 5 हजार रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विधिवत भूमिपूजन कर सीसी रोड टॉप एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से वार्ड में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा स्थानीय नागरिकों को जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलने में मदद मिलेगी। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते ⏭ शेष पेज 09 पर



गुणवत्ता और समय-सीमा का रखा जाएगा विशेष ध्यान : शर्मा

नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड का समुचित विकास करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें सेवा का अवसर दिया है, उस विश्वास पर खरा उतरते हुए नगर के विकास को धरातल पर उतारना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराना परिषद की प्राथमिकता है। भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त नगर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन और सहयोग से नगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले में परिवहन विभाग ने 30 बसों पर 46 हजार का लगाया जुर्माना, 2 बसें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में चलाए गए विशेष जांच अभियान के तहत कुल 30 यात्री बसों पर कार्रवाई करते हुए 46,400 रुपए की चालानी राशि वसूल की गई है। इस दौरान गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 2 यात्री बसों को जब्त भी किया गया है। वहीं, जांच में सुरक्षा व तकनीकी मानकों में कमी पाए जाने पर 28 बस संचालकों को कमियों को तत्काल सुधारने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच टीम द्वारा बसों के प्रमुख दस्तावेजों ⏭ शेष पेज 09 पर

- सुरक्षा उपकरणों और वैध दस्तावेजों की गहन जांच



नियमों का उल्लंघन करने पर रद्द होगा परमिट

परिवहन अधिकारियों ने सभी बस संचालकों को कड़ी हिदायत दी है कि वे वाहनों में पाई गई कमियों को अविलंब दुरुस्त कराएं और मोटर यान अधिनियम के नियमों व परमिट की शर्तों का कड़ाई से पालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने या नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित बसों का परमिट निरस्त करने के लिए मामला उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा।

कलेक्टर ने उत्पादों की गुणवत्ता सराहकर बढ़ाया हौसला

उड़ान सहकारी समिति बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और उद्यमिता से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय और अनूठी पहल की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में 'उड़ान दिव्यांगजन मल्टीपरपज जिला स्तरीय सहकारी समिति' का गठन किया गया है, जिसकी विशेषता यह है कि इसके अध्यक्ष सहित सभी सदस्य दिव्यांगजन ही हैं। समिति का उद्देश्य दिव्यांगजनों को कौशल, व्यवसाय और बाजार से जोड़कर नियमित आय के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। इस कड़ी में, कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में समिति द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के



सदस्यों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बारीकी से जांच की और उनकी उच्च गुणवत्ता की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं स्टॉल से सामग्री खरीदकर समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। वर्तमान में समिति की गतिविधियों का संचालन मनोविकास परिसर, कृषि उपज मंडी, बलौदाबाजार में किया जा रहा है। उड़ान दिव्यांग मल्टीपरपज कोऑपरेटिव सोसायटी के अंतर्गत दिव्यांगजनों की क्षमताओं, कौशल और स्थानीय बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों को विकसित करने की योजना है। इसमें पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर यूनिट गारमेंट एवं बैग निर्माण इकाई, खाद्य प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई, बेकरी एवं खाद्य उत्पाद इकाई, कॉर्पोरेट गिफ्टिंग, कस्टमाइज्ड गिफ्ट हैम्पर्स, ड्राई फ्रूट्स पैक, टी-शर्ट, कैप, मग, स्मृति चिह्न, कार्यालय स्टेशनरी, प्रचार सामग्री और अन्य उपहार उत्पादों की आपूर्ति शामिल है।

बच्चों को कानून और सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

उच्चतम न्यायालय के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले के 60 चयनित विद्यालयों में 26 से 31 अक्टूबर तक 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वार्नर तथा सचिव आलोक पांडेय के निर्देशन में संचालित अभियान के

- गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक



दूसरे दिन 27 अक्टूबर को न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिखली, चक्रपाणि शुक्ला बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय हाई स्कूल गांधी चौक सहित बलौदाबाजार और भाटापारा के विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी, अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार लाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक पांडेय, प्रशांत कुमार भास्कर, ⏭ शेष पेज 09 पर

रायपुर आने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में गंदगी, सफाई का दावा फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के बाथरूम में नहीं दिखी सफाई, दो दिन पहले रेलवे ने नई नीति के तहत बेहतर व्यवस्था का किया था दावा

ट्रेनों के जनरल कोच में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के रेलवे के दावे जमीनी स्तर पर असरदार नजर नहीं आ रहे हैं। सोमवार को रायपुर पहुंची छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच के बाथरूम में गंदगी मिली और सफाई नजर नहीं आई।

ट्रेनों में सामने आई इस स्थिति ने रेलवे की नई सफाई नीति और उसकी निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दो दिन पहले ही रेलवे की 'बेटर ऑन-बोर्ड सर्विसेज' नीति को लेकर आदेश जारी हुआ था। इसमें बताया गया था कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एसी और स्लीपर कोच के साथ जनरल कोच की सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की योजना बनाई है। इसके तहत सफाई का समय निर्धारित करने, मोबाइल ऐप से निगरानी करने और एआई आधारित वार रूम के जरिए सफाई की तस्वीरों की जांच करने की व्यवस्था का दावा किया गया है। लेकिन सोमवार को रायपुर पहुंची ट्रेनों के जनरल कोच में गंदगी मिलने से रेलवे के दावे बेअसर हो चुके हैं। स्टेशन में छग एक्सप्रेस के आने के बाद कोई कर्मचारी सफाई करता हुआ नहीं दिखा। ट्रेन में गंदी थी।

हरिभूमि सरोकार

नहीं दिखा शौचालय में विशेष बदलाव

जनरल कोच में बड़ी संख्या में यात्री लंबी दूरी का सफर करते हैं। ऐसे में बाथरूम में गंदगी और सफाई का अभाव यात्रियों की परेशानी बढ़ाता है। रेलवे की नई नीति से उम्मीद थी कि सामान्य कोच में भी सफाई व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन नीति लागु होने के बाद भी विशेष बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे में रेलवे का 52 सप्ताह में 52 सुधार का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है। रायपुर में शौचालय की सफाई नहीं हो रही है।



दो घंटे में सफाई के बाद भी गंदगी

रेलवे की घोषित व्यवस्था के अनुसार, सुबह 6 से 9 बजे और रात 8 से 10 बजे तक शौचालयों की हर घंटे सफाई की जानी है। अन्य समय में प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर सफाई का प्रावधान है। कोच, प्रवेश द्वार और कूड़ेदानों की भी नियमित सफाई की जानी है। बता दें कि बिलासपुर में छत्तीसगढ़ की सफाई होनी है, वही हमसफर एक्सप्रेस और उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की दुर्ग में सफाई की जिम्मेदारी है।सोमवार को बिलासपुर से रायपुर पहुंची छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में वही हाल था। कोच में भी गंदगी फैली हुई थी। रेलवे का दावा था कि सफाई कर्मचारियों को मोबाइल ऐप पर सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें जियो-टैग और समय के विवरण के साथ अपलोड करनी होंगी। इन तस्वीरों की एआई आधारित वार रूम में जांच किए जाने की भी व्यवस्था बताई गई है।

खबर संक्षेप



विजयादशमी पथसंचलन में शामिल हुए स्वयंसेवक

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पुरानी बस्ती नगर की श्रीराम मंदिर प्रभात शाखा में विजयादशमी पथसंचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 60 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत प्रचारक अभयराम कुंभकार ने कहा कि दुर्बलों की बात कोई मानता नहीं है, सबल की बात कोई टालता नहीं, जिस प्रकार वायु के तेज से दीपक बुझ जाता है, लेकिन वहीं जंगल में जब आग लगती है तो वह वायु उसकी सहायक बन जाती है और आग तेज गति से जलने लगती है। ठीक उसी प्रकार स्वयंसेवक को भी बलिष्ठ बनना है, ताकि समाज हमारी बातों को सुनें और अमल करें। उन्होंने आगे यह भी कहा कि संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन की मुहिम चलाई थी, वह सभी स्वयंसेवक अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम में डा. अमर अग्रवाल, गणेश प्रसाद सोनी, अशोक कुमार शर्मा, विजय सोना, सुरेश कुंभलकर, विकास सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

पीएम के पिता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से पिछड़ा वर्ग में आक्रोश

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे द्वारा किए जाने पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन ने कहा है कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की विवादास्पद टिप्पणी से छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग के समाज में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगर छत्तीसगढ़ दौरा करते हैं तो उनका लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ा वर्ग की धरोहर हैं, फिर भी किसी के दिवंगत पिता के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करना किसी राजनेता को शोभा नहीं देता। संगठन के अन्य नेताओं में साहू समाज के सोमनाथ साहू, युवा सेन समाज के महासचिव बालाराम सेन, देवांगन समाज के पदाधिकारी रमेश देवांगन, मुकेश देवांगन, कलार समाज के महासचिव राजा जायसवाल, मानिकपुरी समाज के उपाध्यक्ष देवदास मानिकपुरी, कुर्मी समाज के संगठन मंत्री गोपाल वर्मा छत्तीसगढ़ प्रवक्ता एवं सचेतक हीरालाल निर्मलकर, छत्तीसगढ़ धोबी समाज युवा महामंत्री पिंटू निर्मलकर सहित अनेक नेताओं आदि ने विरोध जताया है।

अयोध्या नगर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

महासमुंद। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक-03 में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गार्डन में वार्ड की महिलाओं के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से भरपूर शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी ने मिलकर खीर-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वितरित कर प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशियां बिखेरी गईं। रात्रि 12 बजे अमृत वर्षा की पावन मान्यता के बीच शरद पूर्णिमा का उत्सव विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

चतुर्थ काउंसलिंग की मेरिट सूची जारी

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चतुर्थ काउंसलिंग के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयनित विद्यार्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है।

जांच दो महीने में, विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलेगा

परीक्षा में संगठित नकल कराने पर अब 10 साल तक की जेल, जुर्माना 10 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र ने लोक परीक्षा कानून में किए बदलाव छत्तीसगढ़ में होंगे लागू, अधिसूचना जारी

प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और संगठित गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) कानून में सख्ती बढ़ाई है। संशोधन के तहत कुछ अपराधों में अधिकतम सजा 10 साल तक और जुर्माना 10 करोड़ रुपए तक हो सकता है। जांच दो महीने में पूरी करने, विशेष कार्यबल गठित करने और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों में मामलों की सुनवाई का भी प्रावधान किया गया है।

खास खबर

खास बात ये है कि ये कानून केंद्र सरकार का है, ये राज्य पर भी लागू होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस नए कानून से सभी लोगों को अवगत करने के लिए इसे राजपत्र में प्रकाशित किया है। संशोधन के अनुसार, धारा 10(1) के तहत आने वाले अपराधों में न्यूनतम सजा तीन साल से बढ़ाकर पांच साल और अधिकतम सजा पांच साल से बढ़ाकर 10 साल की गई है। इस श्रेणी में जुर्माने की अधिकतम सीमा भी 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए कर दी गई है।

जुर्माना एक करोड़ से बढ़कर पांच करोड़, सजा आठ साल

पुराने कानून में बदलाव के बाद अब ये प्रावधान किया गया है कि धारा 10(2) के तहत जुर्माने की राशि एक करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए और अधिकतम सजा चार साल से बढ़ाकर आठ साल की गई है। धारा 10(3) के तहत अधिकतम सजा तीन साल से बढ़ाकर पांच साल और जुर्माना एक करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए किया गया है। वहीं धारा 11 के तहत संगठित अपराध के मामलों में न्यूनतम सजा पांच साल से बढ़ाकर सात साल और न्यूनतम जुर्माना एक करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए किया गया है।



नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा व्यवस्था पर सवाल

नीट यूजी-2026 में कथित पेपर लीक की शिकायत के बाद केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। संसद में जुलाई 2026 में पेश संशोधन विधेयक का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में निष्पक्षता मजबूत करना, जांच को समयबद्ध बनाना और मुकदमों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करना बताया गया था। माना जा रहा है कि नकल संबंधी 2024 के कानून में बदलाव के साथ उसे और कड़ा करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

जांच दो माह में, फास्ट ट्रैक कोर्ट में रोज सुनवाई

संशोधन में अपराधों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का प्रावधान है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद सत्र न्यायालयों को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट के रूप में नामित करना होगा। इन अदालतों में मामलों की सुनवाई दिन-प्रतिदिन के आधार पर होगी। आरोपपत्र दाखिल होने के बाद मुकदमा तीन महीने के भीतर पूरा करने का प्रावधान भी किया गया है। राज्यों को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करने होंगे। विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट के गैर-अंतरिम आदेशों और फैसलों के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की व्यवस्था भी की गई है। अपीलों के निपटारे के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

नक्सलवाद के बाद दिमागी नक्सलियों को भी समाप्त करना जरूरी



■ अभाविप की 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' रैली निकाली। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आह्वान किया गया कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान, कानून और जनता के मताधिकार पर आधारित है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं को दबाव में लाने तथा अराजकता के माध्यम से राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करने के प्रयास स्वीकार्य नहीं हैं। निर्वाचन प्रक्रिया अथवा किसी भी संवैधानिक व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का समाधान संवैधानिक एवं कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाना चाहिए।

रैली के अंतर्गत सप्रे मैदान से जनसंपर्क कार्यालय तक विद्यार्थी हुंकार प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में अभाविप की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शालिनी वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रांत मंत्री अनंत सोनी सहित 100 से अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

तय हो जवाबदेही

अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शालिनी वर्मा ने कहा, लोकतंत्र में विरोध करना सबका अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता, भ्रामक प्रचार और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाना स्वीकार्य नहीं है। जैसे छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हुआ है वैसे ही अब आने वालें कुछ वर्षों में इन दिमागी नक्सलियों को भी समाप्त करेंगे। प्रदेश मंत्री अनंत सोनी ने कहा, यदि कोई संगठन या व्यक्ति राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का समर्थन करता है, तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। लोकतंत्र की स्वतंत्रता का अर्थ देश में अराजकता फैलाने की छूट नहीं है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक, प्रदेश सह मंत्री प्रथम फूटाने, रायपुर महानगर मंत्री सजल गुप्ता, छात्रा प्रमुख हर्षित कौर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

भागवत कथा सुनने से कई जन्मों के पापों का होता है क्षय : सोनम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम केसला में स्वर्गीय रूपकुंवर देवांगन की पावन स्मृति में देवांगन परिवार की ओर से आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक सोनम तिवारी ने कथा प्रसंग में जन्मोत्सव, राम जन्म और कृष्ण अवतार की कथा सविस्तार बताया तो भक्त भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने पूज्य दीदी जी सोनम तिवारी व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। प्रसंग में उन्होंने आगे बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धन संपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि देवताओं को डर सताने लगा कि राजा इन्द्र की गददी पर आसीन नहीं हो जाए। इस पर देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर याचिका लगाई। भगवान विष्णु ने वामन अवतार का वेश धरा और राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पैर की जमीन मांग ली। राजा बलि ने यह वचन दे दिया और भगवान ने विशालकाय रुप लेकर तीनों पैरों में ही संसार को नाप लिया

वामन अवतार और राजा बलि का प्रसंग

वामन अवतार प्रसंग में भगवताचार्य ने आगे बताया कि वामन विष्णु के 5वें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। इसके साथ ही यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे, जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रुप में प्रकट हुए। वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे। वह आदित्यों में 12वें थे। ऐसी मान्यता है कि वह इंद्र के छोटे भाई थे। वामन को तीन पैरों वाला दर्शाया गया है।



त्रिविक्रम रुप में एक पैर धरती पर दूसरा आकाश पर तथा तीसरा बलि के सिर पर। भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इंद्र का देवलोक में पुनः अधिकार स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। कथा के दौरान वामन अवतार की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वहीं तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली जैसे अनेक मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे जहां भागवत कथा का आयोजन। 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक । भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक है। आज के प्रसंग में कथा व्यास सोनम तिवारी ने श्री राम कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में विस्तृत से बताया।

अब निर्माण मलबे के लिए बनाए जाएंगे अलग संग्रहण केंद्र, हर पांच किलोमीटर पर एक बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाले मलबे को सड़कों, खाली भूखंडों, नालों और जलस्रोतों में फेंकने से रोकने के लिए अब अलग संग्रहण केंद्र बनाए जाएंगे। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, हर पांच वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में लगभग 25 हजार की आबादी के लिए एक केंद्र बनाने की सिफारिश की गई है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस एसओपी को छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है।

इन केंद्रों में निर्माण मलबे का व्यवस्थित संग्रहण, छंटाई और अस्थायी भंडारण किया जाएगा। इसके बाद मलबे को अधिकृत प्रसंस्करण या पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। एसओपी का उद्देश्य मलबे के अनधिकृत निपटान पर रोक लगाने के साथ उसके संग्रहण से लेकर अंतिम प्रसंस्करण तक की निगरानी सुनिश्चित करना है।



मलबे का वजन और रसीद जरूरी

प्रत्येक केंद्र में प्रवेश के समय मलबे की मात्रा तौलने या मापने की व्यवस्था होगी। मलबा जमा कराने वाले को रसीद दी जाएगी और प्रतिदिन आने वाले मलबे, बाहर भेजी गई मात्रा तथा शेष भंडार का रिकॉर्ड रखा जाएगा। यह जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भी दर्ज करनी होगी। केंद्र को संचालन शुरू करने से पहले केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा।

करीब 200 वर्गमीटर में बनेगा केंद्र

एसओपी में पांच वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 25 हजार आबादी के लिए लगभग 200 वर्गमीटर का आधार क्षेत्र रखने की सिफारिश की गई है। इसी क्षेत्र में आबादी प्रत्येक 25 हजार बढ़ने पर केंद्र का क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर बढ़ाने की सिफारिश है। केंद्रों की संख्या और आकार तय करते समय संबंधित नगरीय निकाय के क्षेत्रफल तथा निर्माण मलबे की मात्रा को भी ध्यान में रखना होगा। केंद्रों के लिए ऐसी जगह चुननी होगी, जहां लोगों और वाहनों की पहुंच आसान हो तथा सड़क और जल निकासी की उचित व्यवस्था हो। स्कूलों, अस्पतालों, जलस्रोतों, बाढ़ संभावित क्षेत्रों और घनी आवासीय बस्तियों से दूर स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। यातायात बाधित करने वाली जगहों से भी बचना होगा।

घरेलू और खतरनाक कचरा प्रतिबंधित

संग्रहण केंद्रों में घरेलू कचरा, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ई-कचरा, बैटरियां, खतरनाक रसायन, तेल से दूषित सामग्री और एस्बेस्टस युक्त कचरा जमा करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसी सामग्री मिलने पर उसे अलग कर संबंधित प्राधिकरण या उपयुक्त कचरा प्रबंधन व्यवस्था तक पहुंचाने की प्रक्रिया अपनानी होगी। कम मात्रा में मलबा पैदा करने वाले लोग उसे निर्धारित केंद्र तक पहुंचा सकेंगे या नगरीय निकाय की स्वीकृत एजेंसी की सहायता ले सकेंगे। बड़े निर्माणकर्ता और परियोजना संचालक सामान्यतः मलबा सीधे पंजीकृत प्रसंस्करण केंद्र या मध्यवर्ती भंडारण सुविधा तक भेजेंगे। परिवहन के दौरान वाहन ढके होने चाहिए, ताकि मलबा रास्ते में न गिरे और धूल न फैले।

■ हृदय के गंभीर रोग से पीड़ित थी, प्रति मिनट केवल 40 बार धड़क रहा था दिल

प्रसव के बाद महिला के दिल की धड़कन असामान्य निशुल्क आईसीडी पेसमेकर लगाकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हृदय के गंभीर रोग से जूझ रही महिला की धड़कन प्रसव के बाद असामान्य हो गई। हृदय की धड़कन प्रति मिनट 40 और पंपिंग क्षमता घटकर महज 25 फीसदी होने के कारण उसे आईसीडी पेसमेकर लगाकर नया जीवन दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर महिला का उपचार पूरी तरह निशुल्क किया गया है।

अलग खबर

महिला के इलाज की पूरी प्रक्रिया आंबेडकर अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में एचओडी डा. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्ण की गई। डा. श्रीवास्तव ने बताया कि महिला पोस्टपार्टम कार्डियोमायोपैथी, कंप्लीट हार्ट ब्लॉक और वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया जैसी गंभीर हृदय संबंधी जटिलताओं से पीड़ित थीं। उसकी स्थिति इतनी गंभीर थी, जिसे देखते हुए पहले आपातकालीन स्थिति में टेम्परेरी पेसमेकर लगाया गया। इसके बाद स्थिति स्थिर होने पर इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (आईसीडी) पेसमेकर निशुल्क प्रत्यारोपित किया गया। महिला की आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी होने पर संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निशुल्क उपचार की व्यवस्था कराई। चिकित्सकों ने बताया कि महिला की डिलीवरी कोरबा में सिजेरियन ऑपरेशन से हुई थी। प्रसव के बाद उसे सांस फूलने की शिकायत होने लगी और हृदय की धड़कन असामान्य रूप से कम हो गई। जांच में उसके हृदय में कंप्लीट हार्ट ब्लॉक पाया गया। साथ ही प्रसव के बाद होने वाली गंभीर हृदय संबंधी बीमारी पोस्टपार्टम कार्डियोमायोपैथी के कारण हृदय की मांसपेशियों की कार्यक्षमता प्रभावित हो गई थी। गंभीर हालत में आंबेडकर अस्पताल पहुंचने पर कार्डियोलॉजी विभाग की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। पेसमेकर प्रत्यारोपित करने के साथ ही अनियंत्रित और जानलेवा हृदय गति को नियंत्रित करने के लिए मरीज को इलेक्ट्रिक शॉक दिया गया।

क्या है पोस्टपार्टम कार्डियोमायोपैथी : डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार पोस्टपार्टम कार्डियोमायोपैथी गर्भावस्था के अंतिम चरण या प्रसव के आसपास विकसित होने वाली हृदय की एक गंभीर बीमारी है। इसमें हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं और शरीर में रक्त पंप करने की उसकी क्षमता कम हो जाती है। इसके कारण सांस फूलना, अत्यधिक थकान, पैरों में सूजन और हृदय गति में बदलाव जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। यह स्थिति गर्भावस्था के अंतिम महीने से लेकर प्रसव के बाद के महीनों में सामने आ सकती है। समय पर पहचान और उपचार नहीं मिलने पर यह गंभीर हृदय विफलता का कारण बन सकती है।



निजी अस्पताल में खर्च साढ़े 3 लाख : इस आपातकालीन उपचार के लिए निजी अस्पताल का खर्च लगभग साढ़े 3 लाख रुपए होते। महिला के परिवार की स्थिति ऐसी नहीं थी, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने संवेदनशीलता दिखाई। वर्तमान में मरीज की स्थिति ठीक है और वह चिकित्सकों की निगरानी में है। स्वास्थ्य में सुधार जारी रहने पर उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दिए जाने की संभावना है। इस प्रकरण में मेडिकल कालेज की डीन डा. विवेक चौधरी और अस्पताल अधीक्षक संतोष सोनकर ने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए थे।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से गिरदावरी पर फंसा पेंच धान खरीदी की तैयारियों पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने से पहले पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने राजस्व व्यवस्था के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। खरीफ फसलों की गिरदावरी, खेतों में बोई गई फसल का सत्यापन और राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने जैसे महत्वपूर्ण काम पटवारियों की भूमिका से जुड़े हैं। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर धान खरीदी की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सबसे बड़ी चिंता किसानों के पंजीयन और खेतों में वास्तविक रूप से बोई गई फसल के रिकॉर्ड के बीच तालमेल बनाए रखने को लेकर है। राज्य में धान खरीदी की प्रक्रिया में गिरदावरी के आंकड़ों का महत्वपूर्ण स्थान है। खेत में कौन-सी फसल बोई गई है, उसका रकबा कितना है और राजस्व रिकॉर्ड में उसका विवरण सही तरीके से दर्ज है या नहीं, इन जानकारियों के आधार पर आगे की प्रक्रिया संचालित होती है।

ऐसे में गिरदावरी से जुड़े काम प्रभावित होने पर किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं पटवारियों की हड़ताल के चलते आय प्रमाणपत्र भी नहीं बन पा रहे हैं, इससे स्कूली छात्रों की छात्रवृत्ति और अन्य मामले बड़ी संख्या में

खबर संक्षेप



चौबे-समता मुख्य मार्ग पर अवैध पाटा तोड़ा

रायपुर। नगर निगम जोन-7 के नगर निवेश विभाग की टीम ने चौबे-समता कॉलोनी मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर के सामने नाली पर अवैध रूप से बनाए गए पाटे को जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की। संबंधित व्यावसायिक परिसर के निर्माणकर्ता पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निदेश पर जोन-7 के नगर निवेश विभाग की टीम ने सोमवार को जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के मार्गदर्शन में जोन क्षेत्र के चौबे-समता कॉलोनी मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर बनाए गए अवैध पाटे को जनशिकायत के बाद तोड़ने में तत्परता दिखाई। इस दौरान अवैध पाटा बनाने वाले संबंधित भवन स्वामी पर 25 हजार रुपए जुर्माना भी किया।

महापौर मीनल ने किया उद्यान सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन



रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जोन-2 के शहीद हेमू कालाणी वार्ड, देवेंद्र नगर सेक्टर-5 में 21 लाख रुपए की लागत से वर्धमान वाटिका परिसर में हॉल निर्माण, विकास कार्य, उद्यान सौंदर्यीकरण के नए कार्य का श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। श्रीमती चौबे ने जोन-2 कार्यपालन अभियंता पीडी घृतलहरे को स्वीकृति अनुसार तत्काल वर्धमान वाटिका परिसर में कार्य प्रारंभ कराते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त कार्य कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर वार्ड पार्षद कृतिका जैन सहित वर्धमान वाटिका देवेंद्र नगर सेक्टर-5 उद्यान संचालन समिति के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

धारदार हथियार से वार, एक युवक घायल

महासमुंद। युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी युवराज आर्य पिता प्रेमकुमार आर्य (21 साल) निवासी वार्ड नं 10 इमलीभाठा ने बताया कि उसके भाई कृष्णा आर्य को 25 अक्टूबर की रात करीब 12.30 बजे भलेसर रोड कार गैरेज के पास महासमुंद में आबिद आलम, इमरान सुशील तीनो निवासी रायपुर संतोषी नगर ने विवाद होने के दौरान धारदार हथियार से मारपीट किया।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2026 बिलासपुर, दिनांक 21.09.2026

आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार आत्मज श्री धमेन्द्र कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी तारबाहर, थाना तारबाहर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी निकिता भारद्वाज आत्मजा श्री डेरहाराम भारद्वाज उम्र 22 वर्ष निवासी हिरमी बलौदा बाजार, थाना हिरमी बलौदा बाजार (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 12.11.2026 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



देवेन्द्र कुमार



निकिता भारद्वाज

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

1 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन में भागीदारी का आह्वान, सीईसी के इस्तीफे की मांग

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संचालित 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित विप्र वाटिका में कांग्रेस की विशाल सभा एवं पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। साथ ही आगामी 1 नवंबर 2026 को नई दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन में बलौदाबाजार जिले से अधिकाधिक संख्या में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एआईसीसी ऑब्जर्वर शरद अहेर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी मोहम्मद अकबर, विधायक संदीप साहू, विधायक इंद्र साव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे सहित पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।





निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

कार्यकर्ता सम्मेलन से पहले आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। ऑब्जर्वर शरद अहेर ने आरोप लगाया कि वर्तमान निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली उसकी संवैधानिक निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है, लेकिन उसकी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा सरकार के पक्ष में काम कर रहा है और उसके निर्णयों से आम जनता का आयोग के प्रति विश्वास प्रभावित हो रहा है। हालांकि, ये आरोप कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए हैं। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार नागरिकों का महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार है। इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि इस मांग को लेकर देशभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

गांव-गांव तक अभियान पहुंचाने का आह्वान

विप्र वाटिका में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर आम नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाए। नेताओं ने आगामी 1 नवंबर को नई दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन को लेकर जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने अभियान को लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा से जुड़ा आंदोलन बताया।

वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक शकुंतला साहू, जनकराम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु एवं हितेंद्र ठाकुर, किसान मोर्चा के सरजू प्रसाद धृतलहरे, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष रामचन्द्र पटेल, आदिवासी समाज अध्यक्ष विशाल ध्रुव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल तथा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रामकुमार साहू, लखेश साहू, सुनील साहू एवं वैभव केशरवानी, सिद्धांत मिश्रा, आर्यन शुक्ला और उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में बलौदाबाजार शहर के प्रवीण सेन, ग्रामीण के दीपक साहू, सुहेला के भानु वर्मा, पलारी के रवि बंजारे, लवन के गुरुदयाल यादव, कसडोल के दयाराम वर्मा और सोनाखान के युधिष्ठिर नायक शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस का प्रदर्शन



भाटापारा। जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होगा, तब तक 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान का कार्यक्रम लगातार चलता रहेगा। उक्त बातें एआईसीसी के ऑब्जर्वर शरद अहेर (नासिक) ने भाटापारा में ज्ञापन सौंपने और पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। पत्रकार वार्ता के दौरान शरद अहेर ने केंद्र सरकार और भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश की तमाम स्वतंत्र संस्थाएं जैसे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को अपने कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, ज्ञानेश कुमार और आरएसएस मिलकर इन संस्थाओं का दुरुपयोग कर मनमानी कर रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था पर सवाल उठाते हुए, उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह 'भारत सरकार निर्वाचन आयोग' बन गया है। उन्होंने दावा किया कि देश में कुल 96 करोड़ वोट हैं, जिनमें से 13 करोड़ वोट काट दिए गए हैं। वोट चोरी का यह मुद्दा सबसे पहले नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में उठाया था और चार जगह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे जनता के सामने रखा था। पश्चिम बंगाल चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वहाँ 60 से 70 लाख वोट काटे गए और आपत्ति दर्ज कराने के बाद 33 लाख नाम जोड़े गए, जबकि अब भी 27 लाख वोट कटे हुए हैं। यदि ये वोट न काटे जाते, तो वहां ममता बनर्जी और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनती और भाजपा कभी सत्ता में नहीं आती। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ज्ञानेश कुमार को तत्काल हटाया जाए और डिलीट किए गए 13 करोड़ वोट पुनः जोड़े जाएं।

फॉर्म 7 के दुरुपयोग और छत्तीसगढ़ के आंकड़ों पर बात

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि 'फॉर्म 7' का दुरुपयोग करके बड़े पैमाने पर नाम काटे गए हैं, जबकि नियमतः फॉर्म 7 भरने के बाद विधिवत सुनवाई और जांच के बाद ही निर्णय लिया जाना चाहिए, लेकिन यहाँ ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने हैरानी जताई कि आबादी बढ़ने के बावजूद अकेले छत्तीसगढ़ में 24 लाख 99 हजार वोट कम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए काटे गए सभी वोटों को बहाल किया जाना चाहिए। इसी मुख्य उद्देश्य को लेकर कांग्रेस पार्टी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चला रही है और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। इस दौरान कार्यक्रम और ज्ञापन सौंपने के अवसर पर विधायक इंद्र साव, सुमित्रा धृतलहरे, सुशील शर्मा, अजीत बाजपेयी, सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल, डॉ. बसंत मृगु, पूर्व विधायक चैतराम साहू, रमेश यदु, अमित शर्मा, दिवाकर मिश्रा, और चंद्रशेखर चक्रधारी, पुनित मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा सुरक्षित बचपन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'सुरक्षित बचपन अभियान' शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत एवं ऑनलाइन सुरक्षा, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देश पर अभियान के संचालन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति गठित की गई है। इसमें शिक्षा विभाग, बाल कल्याण पुलिस, महिला एवं बाल विकास तथा साइबर अपराध विभाग को शामिल किया गया है। अभियान के प्रथम चरण में 26 से 31 अक्टूबर तक रायपुर एवं गरियाबंद जिलों के चिन्हांकित विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें न्यायिक अधिकारी, विधि विशेषज्ञ, बाल कल्याण समिति के सदस्य, बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ और विधि विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। बच्चों को प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, पेंटिंग एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। 26 अक्टूबर को रायपुर के 21 विद्यालयों में 42 न्यायाधीशों ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। अभियान का संदेश है कि जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण प्रत्येक बच्चे का अधिकार है।



मोहम्मद साबिर का अंडर-14 छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम में चयन, अब भोपाल में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

क्षेत्र के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद साबिर, पिता आसिफ खान का चयन अंडर-14 छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम में हुआ है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अब साबिर 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोहम्मद साबिर का चयन पेंड्रा में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने अपने खेल कौशल, बल्लेबाजी प्रतिभा और मेहनत से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उनका चयन उनके क्रिकेट करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साबिर की क्रिकेट प्रतिभा को सबसे पहले उनके प्रारंभिक कोच एवं शिक्षक लक्ष्मीकांत सोनी ने पहचाना। वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, भटगांव में शिक्षक हैं। साबिर की प्रतिभा और क्रिकेट के प्रति लगन को देखते हुए लक्ष्मीकांत सोनी ने उन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर दिलाने के उद्देश्य से रायपुर जाने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में मोहम्मद साबिर रायपुर स्थित सीजी एजुकेशन अकादमी में अध्ययनरत हैं, जहां वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। साबिर दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उनकी इस सफलता में उनकी मेहनत, अनुशासन, परिवार के सहयोग और प्रारंभिक कोच के मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में साबिर को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। क्षेत्रवासियों एवं खेलप्रेमियों को उम्मीद है कि वे राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और भटगांव का नाम रोशन करेंगे।



प्रशिक्षण पूरा करने वाले 76 विद्यार्थियों को मिला प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

युवाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भरता की राह दिखाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, बैकुंठ का 34वां दीक्षांत समारोह स्टाफ क्लब में गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 76 विद्यार्थियों को अंकसूची एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यशवंत वर्मा सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के चेहरों पर अपने प्रशिक्षण की उपलब्धि और भविष्य में आगे बढ़ने का उत्साह साफ नजर आया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए केवल प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि अपने हुनर के दम पर रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण पड़ाव भी रहा।

- बैकुंठ में 34वें दीक्षांत समारोह का आयोजन
- 1992 से युवाओं को हुनरमंद बना रहा व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र



76 विद्यार्थियों ने हासिल की उपलब्धि

व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ वर्ष 1992 से निरंतर संचालित है। इस केंद्र के माध्यम से अब तक लगभग 2362 लोगों को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा चुका है। वर्तमान सत्र में 77 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि 34वें बैच के 76 विद्यार्थियों ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। समारोह में अतिथियों ने विद्यार्थियों को अंकसूची एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी उपलब्धि का सम्मान किया।

कौशल को आगे बढ़ाकर बनें आत्मनिर्भर

समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने कौशल का निरंतर विकास करने और बदलते समय के अनुरूप नई तकनीकों एवं कार्यक्षमताओं को सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में व्यावसायिक कौशल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का मजबूत आधार भी है। अतिथियों ने विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक एवं आर्थिक विकास पर जोर देते हुए जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने प्रशिक्षित विद्यार्थियों को अपने हुनर का सदुपयोग कर परिवार, समाज और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन एफएच एचआर प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह का संचालन सीएसआर प्रतिनिधि सोनाली गवारगुर ने किया। इस अवसर पर सीएसआर टीम के दीपेंद्र कुमार मिश्रा, सी.डी. लहरे, मुन्नालाल बर्मन, निरूपा कश्यप, जागृति वर्मा, लोकेश कुमार साहू सहित प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थी एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र का यह प्रयास क्षेत्र में रोजगारोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। समारोह में ग्राम पंचायत कुंदरु के सरपंच यशवंत वर्मा, बहेसर के सरपंच प्रतिनिधि सेवक दास बर्मन, सीजी बोर्ड के प्राचार्य अवधेश पाण्डेय तथा सेंचुरी सीमेंट कॉलेज के प्राचार्य कृष्ण कुमार ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिक्षक सेत कुमार साहू को मिला समाजदीप रत्न सम्मान



गोपालपुर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरिया के सहायक शिक्षक सेत कुमार साहू को शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'समाजदीप रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा 26 अक्टूबर को रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। साहू बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, बालिका शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और अंग्रेजी सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। वे 'कबाड़ से जुगाड़', 'अंगना में शिक्षा' और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, बीआरसी फनेन्द्र सिंह नेताम, संकुल समन्वयक वीरेन्द्र कौशले, प्रधान पाठक चंद्रवती दिव्य, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी।

पेज 7 के शेष

22.05 लाख रुपए...

हुए नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमिपूजन के अंतर्गत संजय वार्ड में तीन प्रमुख विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमेशा प्राथमिकता रही है। सड़क, नाली, पेयजल और स्वच्छता जैसी सुविधाएँ आमजन के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी होती हैं। इन सुविधाओं का बेहतर होना ही विकास का वास्तविक स्वरूप है। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा पार्षद श्रेणिक गोलछा ठाकुर राम साहू, नंदकुमार वैष्णव, सतीश साहू, भुवन सिंह ठाकुर, एल्डरमैन रूपेश तिवाड़ी, संतोष वर्मा, मधु सोनी मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, हरगोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, सलीम खान, हरीश शर्मा नीरा साहू सहित वार्ड के सभी वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

जिले में परिवहन...

जैसे परमिट, बीमा, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण-पत्र की सूक्ष्मता से जांच की गई। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े अनिवार्य उपकरणों, जैसे कि व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, पैनिक बटन, स्पीड लिमिट गवर्नर, रिफ्लेक्टिव टेप, फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्रों की स्थिति का भी जायजा लिया गया।

60 विद्यालयों में ...

काम्या अय्यर एवं द्विजेंद्र नाथ ठाकुर सहित न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, बाल श्रम की रोकथाम, गुड टच-बैड टच, यातायात नियमों तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार की जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण या असुरक्षित स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा नालसा की निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रमों में पैरा लीगल वालंटियर्स, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग देना है।



खबर संक्षेप



ईशान बने श्री वैष्णव महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

सुहेला। जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव को छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में संत-महात्माओं एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नियुक्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत रामसुंदर दास जी थे। नियुक्ति पर ईशान वैष्णव ने आभार जताते हुए युवाओं को शिक्षा, संस्कार, सेवा और सामाजिक एकता से जोड़ने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। महंत रामसुंदर दास जी ने युवाओं से समाज की परंपराओं को आगे बढ़ाने और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

सेजेस विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो में 2 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीते



अर्जुनी। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 26 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित हुई। जिसमें सेजेस विद्यालय अर्जुनी बलौदा बाजार के छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही स्पर्धा में मेडल जीतकर अर्जुनी विद्यालय एवं बलौदाबाजार जिले का नाम रोशन किया हैं। क्रीडा प्रतियोगिता में धारणी साहू गोल्ड मेडल, नेहा निषाद गोल्ड मेडल, सुमन ध्रुव सिल्वर मेडल, एवं सतीश वर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसमें से विजेता खिलाड़ी झारखंड रांची में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर सेजेस विद्यालय अर्जुनी के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, प्राचार्य अवधेश कुमार वर्मा, व्यायाम शिक्षक यास्मीन अफरोज, सदस्य गंगा प्रसाद यदु, चिंतामणि साहू, एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

छत्तीसगढ़ में 9 नवंबर को अवकाश घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) पर सार्वजनिक/सामान्य अवकाश की घोषणा की है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 9 नवंबर सोमवार को अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि इससे पहले विभाग की अधिसूचना 6 नवंबर 2025 के जरिए इस पर्व को ऐच्छिक अवकाश की सूची में 9 नवंबर 2026 सोमवार के लिए घोषित किया गया था। अब शासन ने इसमें संशोधन करते हुए इसे सार्वजनिक/सामान्य अवकाश में परिवर्तित कर दिया है।

शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 और स्लीपर कोच की सुविधा

रायपुर। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ने शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 और एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है। यह सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच 28 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक लगाया जाएगा। वहीं गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में यह सुविधा 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी।
इसी तरह शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच 2 से 4 नवंबर तक और एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 4 से 6 नवंबर 2026 तक लगाया जाएगा।

अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल, तिल्दा-नेवरा के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। श्री अग्रसेन भवन में आयोजित इस मनमोहक आयोजन में चांदनी रात की खूबसूरती, सखियों का आकर्षक श्रृंगार और राधा-कृष्ण के प्रेममय रास की अनुपम अनुभूति ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। उत्साह, उमंग और आध्यात्मिक आनंद से भरी इस शाम ने उपस्थित महिलाओं के मन में यादगार छाप छोड़ी। शरद पूर्णिमा की पावन बेला पर आयोजित महोत्सव में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आपसी स्नेह का सुंदर संगम देखने को मिला। चंद्रमा की शीतल चांदनी और उत्सव की मनोहारी सजावट ने कार्यक्रम की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। सखियों के मनमोहक श्रृंगार और राधा-कृष्ण की प्रेममयी लीलाओं की झलक ने वातावरण को वृंदावन की भक्ति और प्रेम की अनुभूति से भर दिया। यह महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, महिला सहभागिता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने का भी सुंदर माध्यम बना। समाज में परस्पर प्रेम, सहयोग और आत्मीयता की भावना को मजबूत करते हैं।

भक्ति, संस्कृति और उल्लास का यादगार संगम

शरद पूर्णिमा महोत्सव ने यह संदेश दिया कि भारतीय पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करते हैं। चांदनी रात में सजी इस भक्तिमय शाम ने श्रद्धा, सौंदर्य और आनंद के ऐसे रंग बिखेरे, जिन्हें उपस्थित महिलाएं लंबे समय तक याद रखेंगी। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल, तिल्दा-नेवरा का यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द की सुंदर मिसाल बनकर सामने आया।

बैठक : नोटिस के बाद भी लंबित रहने पर रुकेगा वेतन वृद्धि

सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का तय समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल मे लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए तय समय पर गुणवात्तपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सीम हेल्पलाइन पोर्टल शासन की प्राथमिकता मे है। अधिकारी अपने आईडी का नियमित मॉनिटरिंग करें औऱ शिकायत का गंभीरतापूर्वक अध्ययन व जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि समय -सीमा के बाद आवेदन लंबित रहने पर सम्बंधित अधिकारी को नोटिस जारी होगा, नोटिस के बाद भी आवेदन लंबित रहने की स्थिति मे असंचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि स्पेशल क्लोज़र 10 प्रतिशत से अधिक न हो तथा पॉजिटिव निराकरण 65 प्रतिशत से अधिक हो। बताया कि जिले में अब तक सीएम हेल्पलाइन में 9339 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 90 प्रतिशत निराकृत है। कलेक्टर ने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 28 एवं 29 अक्टूबर को संभावित बारिश के कारण नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति से निपटने सभी तैयारी पूरी रखने एवं अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नदी किनारे स्थिति 116 गांव मे लोगों को सतर्क रहने मुनादी कराएं। होमगार्ड, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहे। उन्होंने 2 नवम्बर को पण्डित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान मे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव मेला की तैयारी एवं गरिमपूर्ण आयोजन हेतु जरुरी निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

रोजगार सृजन और पीएम आवास योजना की प्रगति

कलेक्टर ने वीबी- जीरामजी योजना अंतर्गत अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत कर ज्यादा संख्या में श्रमिकों को नियोजित कराने के निर्देश दिये। योजना अन्तर्गत अब तक 122 करोड़ रुपए के 2119 कार्य स्वीकृत हुए है। इन कार्यों मे लगभग 17 हजार श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। अगले महीने श्रमिकों की संख्या 45 हजार करने का लक्ष्य रखा गया। पीएम आवास योजना अंतर्गत अब तक स्वीकृत 70256 आवासो में से लगभग 82 प्रतिशत आवास पूर्ण हो गये हैं शेष 2106 आवासों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान राजस्व प्रकरण, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीपीग्राम्स, ई-ऑफिस, समय- सीमा, सडक निर्माण, सुपोषित बचपन अभियान आदि की समीक्षा की गई।

विद्यार्थियों ने एआई, हरित ऊर्जा आपदा प्रबंधन पर दिखाए मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



पीएम श्री सेजेस सुहेला में शुक्रवार को विज्ञान, गणित एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा वैशाली वर्मा एवं गीतांजलि सिन्हा मॉडल ने भी अपना मॉडल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वदेशी कृषि तथा आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 12वीं की वैशाली वर्मा ने डिजास्टर मैनेजमेंट (आपदा प्रबंधन) पर मॉडल बनाकर आपदा के समय बचाव एवं प्रबंधन के महत्व को प्रदर्शित किया। वहीं, गीतांजलि सिन्हा ने हेल्थ, हाइजीन एंड सैनिटाइजेशन (स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन) विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य डी.पी. कोसले ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन और रचनात्मकता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रयोगों एवं नवाचारों के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया। जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें नई सोच और नई संभावनाओं की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी जिज्ञासा बनाए रखते हुए विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालकों सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का संदेश दिया।

डीके कॉलेज को मिला स्थायी प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने संभाला पदभार



बलौदाबाजार। शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय, बलौदाबाजार में मंगलवार डॉ. श्री पुरुषोत्तम झा ने प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। वहीं महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारी भी इस अवसर पर पहुंचे और नए प्राचार्य का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. झा के प्राचार्य बनने से महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. पुरुषोत्तम झा इससे पहले नवीन शासकीय महाविद्यालय, कोमाखान में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। उन्हें उच्च शिक्षा विभाग में 34 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में अपनी सेवाएं दी हैं।

आठ महीने से स्थायी प्राचार्य की थी मांग

गौरतलब है कि शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एआरसी जेम्स के सेवानिवृत्त होने के बाद पिछले आठ महीनों से महाविद्यालय में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की मांग की जा रही थी। इस दौरान महाविद्यालय का संचालन प्रभारी प्राचार्यों के माध्यम से किया जा रहा था। पूर्व में एके उपाध्याय और धनंजय मिश्र ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। अब डॉ. पुरुषोत्तम झा के पदभार ग्रहण करने से महाविद्यालय को स्थायी नेतृत्व मिल गया है। महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक राजकमल मिश्रा, एके उपाध्याय, धनंजय मिश्र, सेवानिवृत्त कर्मचारी संपत साहू, गुमानी राम साहू, शीतल पटेल, फूलचंद साहू एवं प्रभा पैकरा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भी उनका स्वागत किया तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

सशिमं के दो छात्र वैदिक गणित प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी के दो भैया बहन अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता के लिए धनबाद (झारखंड)के लिए चयन हुआ है। सत्र 2026-27 की वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता विभाग स्तर माना में तथा प्रांत महासमुंद एवं क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता सरस्वती विहार रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें 19 भैया बहनों ने भाग लिया। जिनमें से अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु गणित प्रदर्शन के रूप में बहन निशा वर्मा एवं प्रश्न मंच किशोर वर्ग के लिए भैया चंद्रहास वर्मा का चयन हुआ है। यह दोनों 21, 22, 23, नवंबर को होने वाली प्रतियोगिता के लिए धनबाद (झारखंड) जाएंगे। इससे पूर्व प्रांत स्तर के लिए 18 भैया बहनों का चयन हुआ था तथा क्षेत्र के लिए चार भैया बहनों का चयन हुआ। चार भैया बहनों में से दो भैया बहन द्वितीय स्थान पर रहे। गणितीय प्रदर्शन में सृष्टि ध्रुव, गुलशन भारद्वाज, तथा अदिति वर्मा तथा दो भैया बहन का चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह वर्मा ने सभी प्रतिभागी भैया बहनों को शुभकामनाएं देते हुए चयनित भैया बहनों को अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया की सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी की इतिहास में यह प्रथम दो भैया बहन है जो अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रतियोगिता के लिए चयन हुए, प्राचार्य चैन सिंह वर्मा ने कहा कि यह हमारे आचार्य दीदीयो के लगन एवं परिश्रम का परिणाम है। इसके लिए वैदिक गणित प्रमुख माखनलाल साहू आचार्य को भी शुभकामनाएं एवं बधाई दी और आने वाले समय में अधिक से अधिक भैया बहनों का चयन अखिल भारतीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हो ऐसी आशा जाहिर किया है।

अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

भाटापारा। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज, भाटापारा इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदीप अग्रवाल को अध्यक्ष, रविकांत अग्रवाल एवं प्रद्योत अग्रवाल को उपाध्यक्ष, स्वरूप अग्रवाल को सचिव, अजय अग्रवाल एवं उमेश अग्रवाल को सहसचिव, मुकेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा रितु सुदन अग्रवाल को भवन प्रभारी निर्वाचित किया गया। महिला मंडल में विंध्या अग्रवाल को अध्यक्ष, पुष्प लता अग्रवाल को उपाध्यक्ष, भारती अग्रवाल को सचिव तथा क्षिप्रा अग्रवाल को सहसचिव चुना गया। समाज ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल में समाज की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।



बच्चों ने बीईओ को भेंट किए दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



दीपावली के पावन पर्व पर शाश्वत स्कूल, बलौदाबाजार के विद्यार्थियों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को रंग-बिरंगे दीपक भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों की ओर से दिया गया यह उपहार सम्मान, स्नेह और पर्व की खुशियों का प्रतीक रहा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के इस आत्मीय प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने तथा जीवन में सकारात्मकता अपनाने का संदेश देता है। बीईओ ने कहा कि शाश्वत स्कूल के बच्चों द्वारा भेंट किए गए रंग-बिरंगे दीपकों ने उन्हें भावविभोर कर दिया। बच्चों का यह स्नेह और सम्मान उनके लिए विशेष है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिले में तैयारियों को लेकर कार्यशाला आयोजित

अराजकता हटाओ विशाल रैली की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगामी 4 नवंबर को बलौदाबाजार में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' नारे के साथ प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। रैली में लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सांसद कमलेश जांगड़े, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ नेता डॉ. अजय राव, प्रदेश सह संयोजक टेसूलाल धुरंधर, पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर एवं राकेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और विजय यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सामूहिक जिम्मेदारी से सफल होगा आयोजन

कार्यशाला में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने दिया। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखना आवश्यक है। पार्टी के कार्यक्रमों के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का सभी कार्यकर्ताओं को निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी को सामूहिक जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगामी रैली को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रस्तावित रैली के उद्देश्य, संगठन की भूमिका और कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने रैली में अधिकाधिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

सक्रिय भागीदारी की अपील

सांसद कमलेश जांगड़े ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से रैली की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। कार्यशाला में रैली के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा संगठन की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तैयारियों में जुटने और आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

